हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live &
dkunews24

वर्ष : 01 अंक–48 : जौनपुर, मंगलवार 11 अक्टूबर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह : सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया भव्य स्वागत

वाराणसी ब्यूरो : गृह मंत्री अमित शाह वायुसेना के विशेष विमान से मंगलवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के नेताओं ने गृहमंत्री का स्वागत किया। एयरपोर्ट पर नेताओं से मिलने के बाद गृह मंत्री वायुसेना के हेलीकाप्टर से 11:42 बजे बिहार के छपरा में जयनारायण जी के पुण्यतिथि में शामिल होने के लिए रवाना हुए। इस दौरान एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में भाजपा के जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा,विधायक सौरभ श्रीवास्तव.विधायक डॉ अवधेश सिंह विधायक सुनील पटेल,विधायक सुशील सिंह, विधायक टी राम, विधायक नीलकंठ त्रिपाठी, विधायक नील रतन पटेल नीलू,जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या,महापौर मृदुला जयसवाल, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव, मंत्री अनिल राजभर, मंत्री रविंद्र जायसवाल, मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु गुरु, मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा,पुलिस कमिश्नर ए सतीश गणेश, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत त्रिपाठी, नायब तहसीलदार पिंडरा साक्षी राय,तहसीलदार पिंडरा विकास पांडे सहित आला अधिकारी मौजूद रहे। बिहार से आएंगे वाराणसी गृहमंत्री अमित शाह मंगलवार को अपराह्न सवा तीन बजे वाराणसी के सर्किट हाउस पहुंचेंगे। यहां



सबसे पहले वाराणसी के विकास और आगामी परियोजनाओं को लेकर बैठक करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके बाद यहां काशी क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ वे निकाय चुनाव की तैयारियों पर बैठक करेंगे। इस दौरान वे गुजरात चुनाव में काशी के जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंप सकते हैं। इसके बाद वे काशी विश्वनाथ धाम भी जा सकते हैं। गृहमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा है।

## 18 महीने के बकाया महंगाई राहत सहित उन्नीस सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनर्स करेंगे प्रदर्शन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शाखा जौनपुर की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स भवन में जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनर्स की उत्तर प्रदेश सरकार के स्तर पर लम्बित बीस सूत्रीय मांगपत्र पर शासन की शिथिलता पर रोष व्यक्त करते हुए 17अक्टुवर को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित धरना स्थल पर भारी संख्या में भाग लेकर सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में सभी साथियों को बीस सूत्रीय मांगों से अवगत कराया गया जिसमें मुख्य रूप से अठ्ठारह माह के अवशेष महंगाई राहत, कैशलेश चिकित्सा योजना के अन्तर्गत सी० जी ०एच० एस ० अस्पताल को जोड़ने, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, पेंशन राशिकरण की धनराशि की वसूली पन्द्रह वर्ष के स्थान पर दस वर्ष करने, चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान की धनराशि आयकर से मुक्त करने आदि मांग को लेकर पेंशनर्स 17अक्टुवर को पुर्वान्ह ग्यारह बजे से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित धरना स्थल पर प्रर्दशन कर मा0मुख्यमन्त्री जी को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजें जाने के निर्धारित कार्यक्रम से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने कैशलेश चिकित्सा कार्ड बनने में आ रही कठिनाई से भी संगठन को अवगत कराया गया । जिसके क्रम में संगठन स्तर की गई कार्यवाही



से अवगत कराया गया। बैठक को मुख्य रूप से सर्वश्री नरेन्द्र सिंह पुर्व प्रान्तीय अध्यक्ष चकबंदी मिनीस्ट्रीयल संघ, कंचन सिंह, के के त्रिपाठी, नरेन्द्र त्रिपाठी, राधे श्याम सेठ,बिक्रमाजीत यादव, दिनेश कुमार सिंह, कृपाशंकर उपाध्याय,ई मदन मोहन सोनकर, मोहम्मद अजीजुल्लाह, सुक्खू राम, नन्दलाल,वी बी सिह कालिका ,यादव,एस यन सिंह, लाल जी शुक्ला,रमेश, कृष्ण कुमार गुप्ता,राम अवध लाल, स्वामी नाथ मिश्र, भानुप्रताप श्रीवास्तव , ओमप्रकाश सिंह राम आश्रय, अशोक कुमार मौर्य, आदि ने सम्बोधित किया। बड़ी संख्या में उपस्थित सदस्यों ने अपनी मांगों के लिए आयोजित धरना में बड़ी संख्या में भाग लेकर सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक के अन्त में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय रक्षा मंत्री स्व०मुलायम सिंह यादव एवं संगठन के सदस्य स्व०दिलेश के निधन पर दो मीनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अध्यक्ष ने बैठक समाप्त करने की घोषणा किया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## यूएस पोलो स्टोर का हुआ भव्य उद्घाटन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लूलू मॉल लखनऊ में उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े यूएस पोलो स्टोर का भव्य उद्घाटन कुलिन लालभाई अरविंद लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक, और अरविंद फैशन लिमिटेड के निदेशक के द्वारा दीप प्रवज्जलित करके किया गया। इस अवसर पर अशरफ अली (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ऑफ लूलू ग्रुप) और शिबू फिलिप्स



(बिजनेस हेड लूलू मॉल इंडिया) के साथ ही साथ अरविन्द फैशन की तरफ से आनन्द प्रकाश,संजीव, विनय और सनत जी की भी गरिमामयी उपस्थिति थी। इस अवसर पर बिजनेस पार्टनर अबेकस इंडिया एजेंसीज प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर सुनित कुमार मिश्रा ने मुसब सिद्दीकी और जसीम जी के साथ इन सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया। अरविंद फैशन लिमिटेड के निदेशक कुलिन लालभाई, हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए हैं, वह समूह की समग्र कॉर्पोरेट रणनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उद्घाटन के पश्चात् बातचीत के दौरान बताया कि अरविंद फैशन भारत में यूएस पोलो, एरो, फ्लाइंग मशीन, टॉमी हिलफिगर और केल्विन क्लेन जैसे ब्रांडों का संचालन करता है और अरविंद फैशन उपभोक्ता व्यवसायों में नई पहल कर रहा है और कई नई खुदरा अवधारणाओं को स्थापित करने में सहायक रहा है।

## जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में उपजिलाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में उपजिलाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा करते हुए उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन गावों में अभी तक जमीन चिन्हित नही हुयी है, तत्काल चिन्हित करा लें और जहां पर कार्य चल रहा है उप जिलाधिकारी नियमित रूप से मानीटरिंग करे और कोई समस्या है तो उसका निस्तारण कराते हुए कार्य पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर रिक्त कोटे की दुकानों को आवंटित करने की कार्यवाही की जायें। सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि कोर्ट में नियमित रूप से सुनवाई करे और लम्बित मुकदमों की संख्या कम करें। पैमाइस के मामलें में जिनका प्रार्थना पत्र पहले मिला है उनकी नाप पहले किया जाना सुनिश्चित करें। अभियान चलाकर दाखिल खारिज के मामलों का निस्तारण कराये जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार धारा–67 के आदेशों का अनुपालन कराये। प्रतिदिन ड्रोन के माध्यम से 05 गावों का सर्वे कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने आर. के सदर प्रमोद कुमार को निर्देशित किया कि रिकार्ड रूम व्यवस्था चुस्त दुरूस्त कराये अन्यथा जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि रिकार्ड रूम में आने वाले लोगां से अच्छा व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का निस्तारण करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, अपरजिलाधिकारी भू राजस्व रजनीश राय सहित समस्त उपजिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों के लिए 200 से अधिक नाव तैयार : बाढ़ ग्रस्त चौकियों को रखा गया तैयार– डी एम

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : लगातार हो रहे बरसात से नदियों के जलस्तर को बढ़ते देखकर जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश ने जनपद के समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने अपने क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सदैव तैयार रहें अगर जनपद में बाढ़ आती है तो जनपद में 200 नाव को तैयार रखा गया है बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में तत्काल ग्राम वासियों के लिए नाव को भेजा जाएगा वैसे तो इस साल बरसात अधिक नहीं हुआ लेकिन बेमौसम बरसात रिकार्ड तोड़ रहा है पिछले बरसात में शहर में पूरा पानी ही पानी दिखाई दे रहा था पानी निकलने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं था लेकिन इस बार बरसात मूसलाधार होने के बाद भी किसी भी मोहल्ले में पानी नहीं लगा तत्काल मोहल्लों का पानी खाली हो जा रहा। केन्द्रीय जल आयोग एवं मुख्य अभियंता, गण्डक कार्यक्षेत्र गोरखपुर द्वारा प्राप्त नदी जलस्तर रिपोर्ट के अनुसार जनपद की प्रमुख नदी राप्ती जो कि जगभग 134 किमी0 लम्बी है और तहसील खजनी को छोड़ शेष समस्त 06 तहसीलों को प्रभावित करती है के जलस्तर में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। राप्ती नदी के खतरे का बिन्दु 74.98 आर.एम.एल. है जिसके सापेक्ष आज प्रातः 8 बजे नदी जलस्तर 74.06 आर.एम.एल. प्राप्त हुआ है। केन्द्रीय जल आयोग फोरकास्ट स्टेशन के अनुसार दिनांक 8 अक्टूबर 2022 को नदी अपने खतरे के बिन्दु को



पार कर 75.10 आर.एम.एल. तक पहुचने की सम्भावना है साथ ही राप्ती की सहायक नदियां रोहिन, जिसके खतरे का बिन्दु 82.44 आर.एम.एल. है के सापेक्ष 83.44 आर.एम.एल. पर बह रही है। जबकि सरयू (घाघरा) नदी अयोध्या एवं तुर्तीपार पर अपने चेतावनी स्तर से ऊपर क्रमशः 92.73 आर.एम.एल. के सापेक्ष 91.85 आर.एम.एल. व 64.01 आर.एम.एल. के सापेक्ष 63.34 आर.एम.एल. पर बह रही है। उक्त जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया है कि उपरोक्त के दृष्टिगत जनपद में आई.आर.एस. को लागू को करते हुए निर्देशित किया जाता है कि समस्त बाढ़ चौकियों को तत्काल प्रभाव से 24ग7 क्रियाशील रखें तथा राजस्व, सिचाई एवं पुलिस कर संयुक्त टीम भ्रमणशील रहते हुए तटबंधों की सतत निगरानी करे। तहसील एवं सम्बंधित विभाग स्तर पर ई0ओ0सी0 संचालित किये जाये और जनपद ई0ओ0सी0 से लगातार सम्पर्क बनाये रखें। स्वास्थ्य, पशु पालन, पंचायती राज एवं लोक निर्माण विभाग की रैपिड रेस्पांस टीम को क्रियाशील रखें और आवश्यकता पड़ने पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करे। उक्त कार्य में यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पायी जाती है तो सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम–2005 की धारा–51 से 60 के अन्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## कर करेत्तर की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। समीक्षा के दौरान आबकारी विभाग के द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आबकारी अधिकारी को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनपद में किसी भी दशा में अवैध शराब न बिकने पाए। स्टाम्प शुल्क के समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि स्टाम्प चोरी के मामले न आने पाए, सभी उपजिलाधिकारी मॉनिटर करें। जिलाधिकारी ने अधि0 अधिकारियों को निर्देशित किया कि गृहकर, जलकर में शत–प्रतिशत वसूली करें। सभी को निर्देशित किया कि नगर पालिका एवं नगर पचांयतों के द्वारा आय बढायें जाने के प्रयास किये जाये। परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि प्रवर्तन की कार्यवाई करते हुए वसूली बढायें। जिलाधिकारी द्वारा खनन, बाट माप, विद्युत विभाग, सहित अन्य विभागों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होने संग्रह के सापेक्ष राजस्व देयो की वसूली में सुधार लाते हुए शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आर सी का डाटा शत–प्रतिशत पोर्टल पर फीड कराये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, समस्त उप जिलाधिकारीगण, तहसीलदार उपस्थित रहें।

## दहेज से परहेज आदर्श विवाह को करें प्रोत्साहन – चन्दन

जलालपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव बाजार निवासी भोजपुरी फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में बताया कि दहेज पूरे हिन्दुस्तान का एक ज्वलंत मुद्दा है।जिसके खिलाफ गांव–गांव तथा हर घर–घर से आवाज उठनी चाहिए और हम सबको साथ में मिलकर जन–जन को जागरूक करने की आवश्यकता है।जिससे चारों दिशाओं से बस एक ही आवाज आये,दहेज से करो परहेज,आदर्श विवाह करने के लिए प्रोत्साहित करें।इसी कार्य में सामाजिक संस्था जेब्रा फाउण्डेशन ट्रस्ट द्घारा चलाया जाने वाला अभियान वाकई काबिले तारीफ है।इससे लोगों में जागरूकता आएगी।इस कुप्रथा को सही मायनों में हम–आप ही बढ़ावा दे रहे हैं।इसे अगर हम ना कहेंगे तो समाज में एक उदाहरण बनेंगे और लाखों पिताओं की भी चिंता कम करेंगे जो बेटी के जन्म लेते ही शोक में डूब जाते हैं।सोचिए यह कैसी विडंबना है कि बेटे के जन्म पर ढ़ोल बाजे और लड़की के जन्म पर शोक संतप्त परिवार।यह प्रथा न सिर्फ लड़को के आत्मसम्मान को गिराती बल्कि महिलोओं के सम्मान के खिलाफ भी है।अमीर पिता तो इस दहेज के दंश को खुशी से झेल जाते हैं उनको आत्मसम्मान और बेटी की खुशी नजर आती है लेकिन गरीब और मध्यमवर्गीय पिता पर जब यह बोझ आता है तो उनके सामने बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है।उनको भी बेटी की खुशी तथा



अपना सम्मान प्यारा लगता है परन्तु वे अपनी गरीबी में रोटी,कपड़ा,मकान तक ही सीमित है।इतना कम नही कि वे अपने बच्चों को शिक्षित बना लेते है।दहेज लेने वाले सिर्फ एक बार मांग नही करते बल्कि इसकी आग में लड़की हर दिन हर रोज ससुराल में जलती है।ऐसे में जरूरी है कि दहेज को ना कह दे जिससे लड़की का सम्मान बना रहे।अधिक खर्चीली शादी हमें दरिद्र बनाती है,सामूहिक विवाह दहेज का समाधान उक्त बातें जेब्रा फाउण्डेसन ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय सेठ ने कही।श्री सेठ ने बताया कि 18 दिसम्बर दिन रविवार को प्रातः10 बजे से सायं 7 बजे तक मोहम्मद हसन डिग्री कालेज,सुक्खीपुर–जौनपुर में अति निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह आयोजन में जनपदवासियों सभी सामाजिक संस्थाओं स्वयं सेवी संगठनों से अनुरोध किया है कि इस महायज्ञ में आर्थिक सहयोग अपने सहयोगियों सहित पधार कर नव विवाहित जोड़ो को आत्मबल एवं आशीर्वाद प्रदान करने कि कष्ट करेंगे।

## अपराधिक प्रवृत्ति के लोंगों का होगा शस्त्र लाइसेंस निरस्त

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : एक भी मुकदमा हुआ तो निरस्त होगा शस्त्र लाइसेंस जनपद में 176 शस्त्र धारकों के ऊपर जनपद के विभिन्न थानों में मुकदमे पंजीकृत हैं जिनके शस्त्र को निरस्त करने के लिए जिलाधिकारी के पास स्वीकृति हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रार्थना पत्र भेजा जाएगा स्वीकृति मिलने के बाद शस्त्र धारकों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे जनपद में अब तक 19 शस्त्र धारकों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित किए जा चुके हैं इसी तरह अगर आप शस्त्र धारक हैं किसी प्रकार का विवाद करते हैं मुकदमा पंजीकृत होने के बाद आपके शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही प्रारंभ कर शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया जायेगा। वरिष्ठ पुलिस



अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि जनपद में 176 शस्त्र लाइसेंस धारकों के खिलाफ जनपद के भिन्न–भिन्न थानों में मुकदमा पंजीकृत हैं अब उन शस्त्र लाइसेंस धारकों के शस्त्र को निरस्त करने के लिए जिलाधिकारी महोदय के पास स्वीकृति हेतु पत्र भेजा जा रहा है स्वीकृति प्रदान होने के बाद शस्त्र लाइसेंस धारकों के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त कर शस्त्र को जमा कराया जाएगा।

## नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर उपजिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि एसडीएम बीएलओं के दैनिक कार्यो के प्रगति की समीक्षा करें । उन्होने कहा कि वोटर लिस्ट में किसी फर्जी वोटर का नाम न रहें और किसी पात्र का नाम न कटे और चुनाव लड़ने वाले सम्भावित प्रत्याशियों का नाम न कटने पाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी उपजिलाधिकारी मोहल्लों में मुनादी करायें कि लोग अपना नाम वोटर लिस्ट में दर्ज करायें। कहा कि नयी नगर पंचायतों में बनने वाले केन्द्रो का प्रचार प्रसार करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश सहित समस्त उपजिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सारी आवश्यकताओं और आकांक्षाओं का मूल कारण ही है आध्यात्मिक इच्छा का अपूर्ण होना।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# लोहिया के सच्चे अनुयायी : गैर कांग्रेसवाद को पहनाया अमली जामा

नेता जी की नजरों में समाजवाद सिर्फ विचार या सिद्धांत नहीं था। बल्कि एक आचरण था। उनका मानना था कि उसे जीवन में उतारकर ही समाज, देश, आदमी एवं उसकी समास्याओं को देखा जा सकता है। धरती से जुड़े इस नेता के न रहने से गांव, गरीब, किसान की राजनीति में एक जबर्दस्त खालीपन होगा।

वह अंतिम समाजवादी थे। उनके बाद सिर्फ नाम की समाजवादी पार्टियां तो रहेंगी, पर लोहिया का गढ़ा कोई समाजवादी नहीं होगा। डॉ. लोहिया ने उन्हें अपने हाथों से गढ़ा था। यानी समाजवादी राजनीति के उत्तर लोहिया युग का अंत हुआ है। मुलायम सिंह ने समाजवाद को अपने जीवन में उतारा था। गांव और खेत की मेड़ से उठे इस धरती पुत्र ने सही मायनों में लोहिया के गैर कांग्रेसवाद को अमली जामा पहनाया।

1989 में मुलायम सिंह ने जिस कांग्रेस को उत्तर प्रदेश से उखाड़ा, वह आज तक देश में जड़ें न जमा सकी। उनसे सहमत और असहमत हुआ जा सकता था, पर उत्तर प्रदेश की राजनीति के वह नेता नहीं, एक इमोशन थे। केवल संबंधों को निभाने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाने वाले इस पांच फुट के जिद्दी और गरीबों के लिए प्रतिबद्ध नेता ने अपने उसूलों से कभी समझौता नहीं किया।

इसीलिए मुस्लिम वोट बैंक के खजांची जामा मस्जिद के शाही इमाम को सबसे पहले राजनीति छोड़ सिर्फ इमामियत की सलाह देने वाले और फिर कानून की हिफाजत के लिए शंकराचार्य स्वरूपानंद जी की गिरफ्तारी की हिम्मत मुलायम सिंह में ही थी। यह हिम्मत उनमें लोहिया की वैचारिक ट्रेनिंग, चौधरी चरण सिंह की सादगी और दृढ़ता, और जयप्रकाश नारायण की संघर्ष क्षमता से मिली थी।

आजादी के बाद इस मुल्क में नेताओं के लिए 'दीदी', 'अम्मा', 'अन्ना', 'बहिन जी', 'दादा', 'ताऊ' जैसे तमाम उपाख्य हर राज्य में गढ़े गए, पर 'नेता जी' का प्रयोग केवल उन्हीं के लिए हुआ। यह उनकी लोकप्रियता ही थी कि वह नौ बार विधायक, सात बार सांसद और तीन बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। गैर कांग्रेसवाद के बाद वह देश में गैर भाजपावाद के प्रतीक भी बने।

देश के ताने–बाने की हिफाजत के लिए उन्होंने बहुसंख्यक गुस्से का जोखिम भी उठाया। इसका उन्हें नतीजा भी भुगतना पड़ा। उनसे चूक सिर्फ इतनी हुई कि भाजपा से लड़ते–लड़ते हनुमान का यह भक्त राम से लड़ गया। पर हर बार वह यह जरूर कहते थे कि देशभक्ति, सीमा सुरक्षा और भाषा के सवाल पर उनकी और भाजपा की नीति एक है।

राजनीति विज्ञान में एमए मुलायम सिंह पार्टी और समाज के लिए धुर विरोधियों को भी गले लगा लेते थे। उनके मन में गाली देने वालों के प्रति भी कभी कोई कटुता नहीं रही। पहले बलराम सिंह यादव, फिर दर्शन सिंह यादव इटावा–मैनपुरी की राजनीति में उनके धुर विरोधी थे। मुलायम सिंह पर जानलेवा हमला हुआ। एक बार जसवंतनगर चुनाव में जब दर्शन सिंह के लोगों ने मुलायम सिंह के काफिले पर गोलियां दागीं, तो मैं भी उनकी गाड़ी में था।

मौत बगल से गुजरी थी। पर मुलायम सिंह ने बाद में इन्हें अपनी पार्टी का टिकट दे राज्यसभा में भी पहुंचाया। अमर सिंह और बेनी प्रसाद वर्मा ने पार्टी छोड़ने के बाद न जाने कितनी गालियां मुलायम सिंह को दीं। पर दोनों को उन्होंने फिर गले लगाया। ऐसी थी उनकी उदारता और सदाशयता। आजादी के बाद उत्तर प्रदेश की राजनीति ने जिस–जिस मोड़ पर अपना रास्ता बदला, मुलायम सिंह यादव वहां खड़े नजर आते हैं।

चाहे वह 77 का जनता पार्टी प्रयोग हो, 89 में चंद्रशेखर और बहुगुणा को किनारे कर वीपी सिंह का समर्थन हो। फिर राम जन्मभूमि का देशव्यापी आंदोलन हो या फिर उत्तराखंड के जन्म लेने की वजह से रामपुर तिराहा गोलीकांड हो, मुलायम सिंह यादव हर कहीं आपको दिखाई देंगे। मेरी उनकी मित्रता तब की थी, जब चौधरी चरण सिंह की विरासत की लड़ाई में लोकदल ने उन्हें नेता विरोधी पद से हटा सत्यपाल यादव को नेता विरोधी दल बना दिया।

मुलायम सिंह ने अजित सिंह से कहा, आप उनकी संपत्ति के वारिस हो सकते हैं, पर राजनीति और विचारों का वारिस मैं ही रहूंगा। मुलायम सिंह ने अलग पार्टी बनाई। जनता पार्टी और कम्युनिस्ट दलों का समर्थन ले क्रांतिकारी मोर्चे का गठन किया। फिर पूरे प्रदेश में क्रांति रथ निकाला। उस अभियान को कवर करने 1986 में मैं भी उस रथ पर गया था। मुलायम सिंह तब तक नेता जी हो चुके थे।

मुलायम सिंह का आधार बढ़ता रहा, अजित सिंह का घटता रहा। चौधरी साहब की विरासत ट्रांसफर हो चुकी थी। उसके बाद फिर मुलायम सिंह ने पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा। देश की चिंता उन्हें अस्पताल के बिस्तर पर भी रही। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल की पंद्रहवीं मंजिल के कमरे के बिस्तर पर लेटे जब वह मौत से लड़ रहे थे, मैं उन्हें देखने गया था। वह लोगों से बातचीत नहीं कर रहे थे, पहचानते भी कम थे।

मुझे देखते ही बोले, अंतरराष्ट्रीय स्थिति अच्छी नहीं है। मैंने सुना है, हमारा बरसों का साथी रूस भी हमसे नाराज हो गया है। मैंने उनसे कहा कि यूक्रेन पर एक बार ऐसी स्थिति बनी थी। पर बाद में हमारी कूटनीति ने सब ठीक कर लिया। वह फिर कहने लगे, देखिए मेरी कोई सुनता नहीं। मैं बार–बार कहता हूं कि पाकिस्तान हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। वह बहुत कमजोर हो गया है।

हमारा असल दुश्मन चीन है। हमें उससे सावधान रहना होगा। लोहिया ने भी यह कहा था। किसी ने नहीं सुना। बाद में सही साबित हुआ। मुलायम सिंह ने अपनों से धोखा भी बहुत खाया। बात नब्बे की होगी। बिहार में विधानसभा का चुनाव था। मुलायम सिंह मुख्यमंत्री हो चुके थे, इसलिए बिहार के चुनाव की जिम्मेदारी उन पर थी। प्रचार के बाद शाम को हम चंपारण के किसी डाक बंगले में रुके थे।

बिहार में जनता दल के मुख्यमंत्री के तीनों दावेदार रामसुंदर दास जो पहले मुख्यमंत्री रह चुके थे, लालू यादव और रघुनाथ झा नेता जी से मिलने आए। बगल के कमरे में ही मैं था। बाद में नेता जी ने कहा, रामसुंदर दास बूढ़े हो गए है। रघुनाथ झा के पीछे वह जन समर्थन नहीं है। उम्मीदवार लालू ही ठीक हैं। मुलायम सिंह ने अड़कर लालू को मुख्यमंत्री बनवाया।


वर्ष 1996 में जब देवेगौड़ा के बाद प्रधानमंत्री का सवाल खड़ा हुआ, तो उन्हीं लालू ने मुलायम सिंह का डटकर विरोध किया। तब लॉटरी लगी इंद्र कुमार गुजराल की। पर मुलायम सिंह को इसका मलाल कभी नहीं रहा। मुलायम सिंह यादव राजनीति में आने से पहले अध्यापक और उससे पहले पहलवान थे। कुश्ती में चरखा दांव उनका प्रिय था। राजनीति में भी वह अपने दांव और बयानों से विरोधी खेमे को हमेशा चौंकाते रहे।

नेता जी की नजरों में समाजवाद सिर्फ विचार या सिद्धांत नहीं था। बल्कि एक आचरण था। उनका मानना था कि उसे जीवन में उतारकर ही समाज, देश, आदमी एवं उसकी समास्याओं को देखा जा सकता है। धरती से जुड़े इस नेता के न रहने से गांव, गरीब, किसान की राजनीति में एक जबर्दस्त खालीपन होगा। डॉ. लोहिया और चौधरी चरण सिंह की विरासत का अंत होगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# शांत जन–आंदोलन से व्यवस्था परिवर्तन कैसे संभव –खोसला

आर एल पाण्डेय नई दिल्ली। भीम ब्रिगेड के संयोजक सुशीले खन्ना और राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव जोली खोसला जी का एक दिवसीय मेरठ का दौरा था जिसमें राष्ट्रकवि योगेश समदर्शी जी से उनके समदर्शी प्रकाशन कार्यालय में मुलाकात की जिन्होंने एक किताब हमें उपहार में दी जो कि गणेश पुरोहित जी द्वारा लिखी गई है 'शांत जन– आंदोलन से व्यवस्था परिवर्तन' योगेश जी ने बताया कि इस किताब में सब कुछ लिखा है किस प्रकार सत्ता में जनता की भागीदारी हो वा बिना पैसा खर्च किए चुनाव में भाग लेकर जनता के जनप्रतिनिधि बन सकते हैं योगेश समदर्शी जी ने अपने समदर्शी प्रकाशन में अनेकों पुस्तकों का प्रकाशनका जनता को जागरूक करने के लिए कर चुके हैं और प्रण ले रखा है सुशील खन्ना जी योगेश जी को पिछले तकरीबन 30 वर्षों से ज्यादा संबंधा है वा राष्ट्रीय के लिए जनहित के लिए नशा मुक्ति जागरूकता अभियान को गांव –गांव को जाते रहते हैं राजीव खोसला ने कहा कि मैंने स्वयं भी दिल्ली में 4 दफा चुनाव लड़ा मगर पैसे की कमी होने के कारण अपनी पकड़ नहीं बना पाए क्योंकि प्रधानमंत्री किसी भी रैली में जाते हैं तो अपना चुनाव चिन्ह का प्रचार बिना चुनाव के भी करते रहते हैं जबकि वह पाप भारत के प्रधानमंत्री हैं ना कि अपनी पार्टी के और जनहित की सोच रखने वाला उम्मीदवार को मात्र 13 दिन का समय ही मिलता है चुनाव चिन्ह जनता तक पहुंचाने का योगी संभव नहीं है तजुर्बे के अनुसार जेवर विधानसभा में 285 गांव हैं एक




सिरा बुलंदशहर में लगता है दूसरा सिरा पलवल तक आम उम्मीदवार अपना चुनाव चिन्ह जनता तक नहीं पहुंचा सकता यह तजुर्बा लिया जब हमने नेशनल पैंथर्स पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ा था शेर ए जम्मू कश्मीर स्वर्गीय प्रोफेसर भीम सिंह जी की अध्यक्षता में शीघ्र ही इस किताब पर लेखक को बुलाकर बुद्धिजीवियों के साथ परिचर्चा करेंगे खोसला ने कहा कि जनप्रतिनिधि बनने के बाद जनता की सोचनी चाहिए मगर वह सिर्फ अपने बा अपने सगे संबंधियों को की प्राथमिकता देते हैं जनता से दूरियां काफी हद तक बढ़ जाती हैं आम जनता को जनप्रतिनिधि के बाद मंत्री बनने के बाद तो मिलना भी नामुमकिन हो जाता है यह परिवर्तन हम सब को लाना होगा सरकारी जनता द्वारा बनाई जाती हैं वह बनने के बाद जनता की ही नहीं सुनते किसानों , मजदूरों ,बेरोजगारों मेहनत करने वालों ,इमानदारो की बात की जाती हैएयर कंडीशन लग्जरी हॉल में कुछ प्रतिशत जनता को लालच देकर जिसका बदलाव लाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) तहसील सदर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली/उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशन में तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राजकुमार सिंह के आदेशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में तहसील विधिक सेवा समिति तहसील सदर के सचिव/ तहसीलदार डॉ. प्रतीत त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन राजकीय बालिका इण्टर कालेज हरदोई में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी शर्मा ने की।लीगल एड क्लीनिक फरहान सागरी व दिनेश कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पहली बार अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस



को मनाए जाने का निर्णय 11 अक्टूबर 2012 में लिया गअया था। इससे बालिकाओ की आवाज को सशक्त करने और उन्हे आगे बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 11 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस को मनाया जाता है।इससे बाल विवाह पर भी रोक लगेगी। प्रवक्ता सुमन त्रिवेदी–ने भी अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर सहायक अध्यापिका स्मिता, प्रिया पाण्डेय व लिपिक बृजपाल तथा अधिक संख्या में छात्राएँ आदि मौजूद रहीं।

## जन समस्याओं को लेकर क्षेत्र के पडरवा किला में किसानों का प्रदर्शन

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) विकासखंड पिहानी के अंतर्गत गावों में फैली गंदगी व जर्जर सड़कों को लेकर आक्रोशित किसानों ने धरना प्रदर्शन कर प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की। किसान नेता राहुल मिश्रा ने कहा की ग्राम पंडरवा से भेरिया गांव को जाने बाला मार्ग जो तालाब जैसी स्थिति में तब्दील हो गया है । लोक निर्माण विभाग के द्वारा निर्मित या मार्ग कई बरसों से जर्जर स्थिति में पड़ा है निकलने वाले राहगीरों को खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।धरने पर बैठे किसान कमल किशोर दीक्षित के बताया कि क्षेत्र के किसान आवारा गौवंश से परेशान हैं। रात रात जागकर फसलों को बचाना मुश्किल हो गया है एक तरफ बारिश की मार दूसरी तरफ आवारा गैवंशो के द्वारा फसलों को रौंदकर बर्बाद कर देना किसानों को जीविका चलाना मुश्किल हो गया है। धरना स्थल पर बैठे किसानों को एक सप्ताह होने वाला है लेकिन प्रशासन ने अभी तक किसानों की समस्याओं का निराकरण करने की सुध नहीं ली है। किसान नेता राहुल मिश्रा ने बताया आवारा गोवंश, जर्जर सड़कें, नहर विभाग के द्वारा मनरेगा मजदूरों का शोषण, नरधिरा आंगनवाड़ी के द्वारा पोषाहार वितरण न करना, विकासखंड पिहानी के द्वारा गांव में सफाई



व्यवस्था न होना , जिसके चलते गांवों में नालियां , गालियां गंदगी से भरी पड़ी है, राभा विद्युत उपकेंद्र की समस्या, धरने पर बैठे किसानों ने आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों के विरुद्ध आक्रोशित होकर कहा कि बैंक कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे हैं ।कमीशन खोरी कर रहे हैं। धरने पर बैठे छोटेलाल अजय पाल नत्थू सिंह , मानू सिंह, हसीना आदि ने बताया अवध ग्रामीण बैंक के द्वारा वर्ष 2015–16 में उनके द्वारा जमा की गई धनराशि का गबन कर लिया गया है जिसको लेकर या धरना प्रदर्शन चल रहा है ।आने वाले दिनों में किसान महापंचायत का ऐलान किया जाएगा। कोतवाल पिहानी बेनी माधव त्रिपाठी किसान नेता राहुल मिश्रा से वार्ता की जिसने किसानों की तरफ से धरने को निरंतर चलाते हुए मौसम खुलने पर महापंचायत करने की बात कही। मौके पर हरिश्च्द्र , श्रवण कुमार , अतुल सिंह , सोनू अवस्थी ,राजीव पाल ,कमल किशोर दीक्षित ,अखिलेश बाजपेई, अमिताभ सिंह ,हबीब आयरी, इंतियाज अली , रफ्फान खान आदि सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

# स्कूल जा रही 7 साल की बच्ची को टैंकर ने रौंदाः मौत के बाद ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर किया चक्काजाम

सोनभद्र ब्यूरो : सोनभद्र के पन्नूगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत महेवा गांव के पास मंगलवार को तेज रफ्तार टैंकर की चपेट में आने से कक्षा एक की छात्रा की मौत हो गई। हादसे से गुस्साए लोगों ने बेलखुरी–नौगढ़ मार्ग को जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे सदर एसडीएम ने लोगों से वार्ता की। कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम समाप्त कराया। महेवा गांव निवासी सत्येंद्र पांडेय की बेटी दीपिका (7) गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक में पढ़ती थी। मंगलवार को वह घर से स्कूल जाने के लिए निकली। रास्ते में तेज रफ्तार टैंकर ने बालिका को चपेट में ले लिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। गुस्साए लोगों ने शव सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया।



जाम से बेलखुरी–नौगढ़ मार्ग पर आवागमन थम गया। जाम की सूचना पर पन्नूगंज एसओ मौके पर पहुंचे। लोगों को समझा–बुझाकर जाम समाप्त कराने की कोशिश की, लेकिन आक्रोशित लोग उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे एसडीएम रमेश कुमार मौके पर पहुंचे। परिजनों को आश्वस्त किया कि टैंकर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# समय से आईजीआरएस शिकायतों निस्तारण न कराने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जायेगी –डी0एम

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में माननीय मुख्यमंत्री जी के 37 बिन्दुओं की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि बड़े बकायेदार विभागों से बात कर बिजली का बकाया जमा कराने की कार्रवाई प्रारंभ की जाये। उन्होंने बिजली बिलों में गड़बड़ी को लेकर अधिशाषी अभियंता विद्युत को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को बेसहारा गोवंशों को लेकर निर्देश दिए। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी अन्त्योदय कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाए। इसके लिए जिला पूर्ति अधिकारी सभी कोटेदारों की बैठक कराएं। स्वास्थ्य विभाग को पूर्ति विभाग के साथ बेहतर समन्वय के साथ लक्ष्य को जल्द प्राप्त करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी स्थापित हेल्थ वेलनेस सेंटरों को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को निर्माणाधीन वेलनेस सेंटरों को जल्द पूर्ण कर हैंड ओवर करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। जिला पूर्ति अधिकारी को 02 रिक्त दुकानों की आवंटन प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग को सामूहिक विवाह योजना के लिए लक्ष्य के अनुरूप आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए। योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। इस कार्य मे ग्राम प्रधानों व कोटेदारों का भी सहयोग लिया जाए। खराब प्रगति पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। अल्पसंख्यक




कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि विद्यालयों से छात्रवृत्ति के लिए पात्र छात्रों की सूची जल्द प्राप्त करने के निर्देश दिए। सूची न भेजने वाले कॉलेजों की सूची डीआईओएस को देने के निर्देश दिए। धीमी प्रगति को लेकर अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में आई0जी0आर0एस0 से संबंधित लम्बित प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय, शासन तथा जनता मिलन आदि से प्राप्त शिकायतों को प्रतिदिन देखें और समस्त शिकायतों का निस्तारण निष्पक्ष, गुणवत्ता पूर्ण एवं समय पर करायें और समय से आईजीआरएस शिकायतों निस्तारण न कराने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना, अपर जिलाधिकारी वंदना त्रिवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम प्रकाश वर्मा सहित व अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारी बारिश से सीएचसी तालाब में हुआ तब्दील : जलभराव से गुजरने को मजबूर तीमारदार

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) बीते कुछ दिनों से जनपद में हो रही लगातार बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बेमौसम हो रही मूसलाधार बारिश ने कस्बा कछौना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर तालाब में तब्दील हो गया है। जिसकी वजह से तीमारदारों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। रिकॉर्ड तोड़ बारिश के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लबालब भरे पानी की वजह से अस्पताल के कर्मचारियों सहित मरीजों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के चलते बारिश का गंदा पानी सीएचसी परिसर में स्थित डॉक्टरों के कमरों सहित पैथोलॉजी लैब में प्रवेश कर चुका है। परिसर में भारी जलजमाव का तांडव इस कदर व्याप्त रहा कि एंबुलेंस वाहन पानी में डूबे खड़े दिखे और आने–जाने वाले लोग बड़ी समस्या से जूझते नजर आए। मरीजों को घुटने भर पानी में चलकर स्वास्थ्य केंद्र में जाना पड़ रहा है। जलभराव के चलते नियमित चलने वाली ओपीडी प्रभावित चल रही है। बारिश और जलभराव के चलते बारिश के कारण ओपीडी में सामान्य दिनों की अपेक्षा बेहद कम मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं और अधिकांश मरीज प्राइवेट अस्पतालों में उपचार कराने को मजबूर हैं। सोमवार दोपहर बारिश बंद होने के बाद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भरा पानी नहीं उतरा। जिसके पीछे जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त न होने की बात सामने आई है। बहरहाल जलभराव के बीच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जैसे–तैसे आने वाले मरीजों का इलाज तो हो ही रहा है लेकिन संक्रामक रोगों के फैलने की प्रबल आशंका बनी हुई है। यहां बड़े पैमाने पर मच्छरों का प्रकोप भी व्याप्त देखा जा सकता है। गंदगी का आलम यह है कि नाक पर रुमाल रखकर परिसर के इर्द–गिर्द खड़ा होना भी मुश्किल है। सीएचसी अधीक्षक डॉ किसलय बाजपेई ने बताया कि वर्षा के दिनों में सीएचसी में जलभराव होना एक स्थायी समस्या है। इस समस्या के निदान के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को पत्र द्वारा अवगत कराया गया है। स्थायी निदान ना होने के कारण भारी वर्षा में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत कछौना–पतसेनी के अधिशासी अधिकारी से वार्ता हुई है और उन्होंने जलभराव का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया है।

# स्वामी प्रसाद के निजी सचिव समेत 12 पर मुकदमा : हत्या की कोशिश व छेड़छाड़ का आरोप

लखनऊ ब्यूरो : सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के निजी सचिव सज्जाद समेत 12 अन्य पर गोमतीनगर निवासी महिला ने हत्या की कोशिश व छेड़छाड़ का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने रविवार रात को गोमतीनगर थाने में तहरीर दी थी। आरोप है कि सज्जाद ने उसकी बहन को फंसा रखा है। इंस्पेक्टर गोमती नगर दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक, शारदा अपार्टमेंट में रहने वाली महिला का कहना है कि उसकी बहन सरकारी अफसर है। इसी अपार्टमेंट में सज्जाद भी रहता है। महिला की बहन व सज्जाद में कुछ समय से अच्छी जान–पहचान है। महिला को शक है कि सज्जाद ने दो साल से उसकी बहन को फंसा रखा है। महिला के अनुसार, नौ अक्तूबर की रात वह छोटी बहन और अन्य रिश्तेदारों के साथ रात के वक्त 1090 चौराहे पर आइसक्रीम खा रही थी। इस बीच सपा नेता का काफिला निकला। महिला ने बहन व रिश्तेदारों को साथ लेकर कार से काफिले का पीछा किया।स्वामी प्रसाद मौर्य के घर पहुंचने पर महिला ने उनसे मिलने की बात कही। इस बीच सज्जाद ने स्वामी प्रसाद मौर्य को



बताया कि उक्त महिला कई दिनों से पीछा कर रही है। इस बीच महिला ने सज्जाद पर बहन को परेशान करने का आरोप लगाया। सारी बातें सुनने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य अंदर चले गए। आरोप है कि सज्जाद और अन्य गार्डों ने मिलकर उसे, उसकी बहन और अन्य रिश्तेदारों को पीटा। एक गार्ड ने उनके रिश्ते के भाई की कनपटी पर पिस्टल लगाकर फायर किया। गनीमत रही कि ये मिस हो गया। आरोप है कि महिला की बहन के कपड़े फाड़ दिए गए। किसी तरह महिला जान बचाकर घर पहुंची।

# शिवलिंग की कार्बन डेटिंग पर सुनवाई पूरी : आदेश की अगली तारीख 14 अक्तूबर : दूसरे केस पर कल सुनवाई

वाराणसी ब्यूरो : ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के दौरान मिले शिवलिंग की आकृति के कार्बन डेटिंग कराने के आवेदन पर जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश ने सुनवाई पूरी कर ली और आदेश के लिए 14 अक्तूबर की तिथि नियत कर दी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान अंजुमन इंतजामिया ने अपना पक्ष रखा फिर वादिनी संख्या 2 से 5 तक के अधिवक्ता विष्णुशंकर जैन ने प्रति उत्तर में हिन्दू पक्ष की दलीलें पेश की। जबकि वादिनी संख्या एक के अधिवक्ता मान बहादुर सिंह ने कोई भी दलील देने से इनकार कर दिया तब अदालत ने आदेश के लिए 14 अक्तूबर की तिथि नियत कर दी। वहीं, दूसरे केस यानि, ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग की पूजा–पाठ की मांग के अधिकार मामले पर कल (12 अक्तूबर) को सुनवाई होगी। इस केस की सुनवाई सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय की कोर्ट में हुई।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा सरकार के प्राथमिकता वाले कार्य समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ समय से दिया जाए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा हर घर नल योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि स्वीकृति डीपीआर में जल्द से जल्द कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा बताया गया कि अभी तक दो नाले ही टैप किए गए हैं जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सिपाह क्रॉसिंग के पास नाले की जमीन पर होटल के द्वारा कब्जा किया गया है जिसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाए। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक गो–आश्रय स्थलों पर चारागाह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे गोवंश को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा उपलब्ध रहे। पशु चिकित्सा अधिकारियों को 15 दिन के भीतर नियमित रूप से गो–आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें और कमियों को दूर कराये। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा नई सड़कों के निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और गड्ढा मुक्त सड़कों के लिए प्रस्ताव भेजे जाने का निर्देश दिया। समाज कल्याण विभाग के



द्वारा आधार सीडिंग में जनपद को 33 स्थान है जिसे बढ़ाकर टॉप टेन में लाने के निर्देश दिए गए। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को दुर्घटना बीमा का लाभ दिलाया जाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि एंबुलेंस का शत–प्रतिशत भौतिक सत्यापन कराएं और जो कमियां हैं उन्हें दूर कराएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियमित रूप से सीएचसी और पीएचसी की जांच कर रिपोर्ट दें। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा विस्तार से की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रांतीय गणित विज्ञान एवं सांस्कृतिक महोत्सव में पाली ने फिर बाजी मारी

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई विद्या भारती से सम्बद्ध सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में वार्षिक कार्य योजना के निमित्त हर वर्ष विभिन्न आयोजन होते हैं जिनमें से गणित विज्ञान एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन भैया/बहनों की बुद्धि विकास हेतु किया जाता है। इसी क्रम में जन शिक्षा समिति अवध प्रान्त के तीन दिवसीय प्रांतीय महोत्सव का आयोजन सण्डीला के पार्वती देवी सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, में आयोजित किया गया जिसमें अवध प्रान्त के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 250 बाल वैज्ञानिकों ने वैदिक गणित, विज्ञान, सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रांतीय महोत्सव में पाली कस्बे के सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज के 39 भैयाध्बहनों ने प्रतिभाग किया जिसमें 22 ने प्रथम, 16 ने द्वितीय व 1 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में शिशु वर्ग विज्ञान प्रयोग में हार्दिक, गणितीय प्रदर्श में शिवांश व प्रभांक, बाल वर्ग विज्ञान प्रदर्श में अबोध, गणितीय प्रदर्श में रौनक, मधुकर, किशोर वर्ग वैदिक गणित प्रश्नमंच में अचल, शुभ, हिमांशु, गणितीय प्रदर्श में गोपाल,



उज्ज्वल, विज्ञान प्रदर्श में गोकरन, अनुराग, दुर्गेश, तरुण वर्ग वैदिक गणित प्रश्नमंच में रविमोहन, प्रणव, विकास, गणितीय प्रदर्श में सूर्यांश, काव्या,विज्ञान पत्रवाचन में वैष्णवी, विज्ञान प्रदर्श में समरदीप, पार्थ, ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। आचार्य शिवम तिवारी ने वैदिक गणित पत्रवाचन, व प्रवीण मिश्र ने विज्ञान पत्रवाचन में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। अग्रिम कामना के साथ सभी विजयी भैया/बहन 14 अक्टूबर को बस्ती में होने वाली क्षेत्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

## शिक्षा के सेतू को निर्मित करने के लिए सभी की भूमिका जरूरी : कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय सिद्दीकपुर परिसर में पूर्व राज्यपाल स्व माता प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण कुलपति ने किया। इस मौके पर उनके जीवन चरित्र पर डालते हुए शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने नैक कराने के लिए जोर दिया । पूर्व राजपाल स्वर्गीय माता प्रसाद के जन्म दिवस के अवसर पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने उनके प्रतिमा का अनावरण कर माल्यार्पण किया। उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा के सेतू को निर्मित करने में सभी लोगों की भूमिका जरूरी है । विश्वविद्यालय से जुड़े सभी कॉलेजों में नैक कराना का जोर दिया । उन्होंने कहा कि पूर्व राज्यपाल ने सभी क्षेत्रों में बहुत महत्वपूर्ण कार्य किए। वह हम सभी के बीच में सदैव जीवित रहेंगे ।उनके मार्गदर्शन पर चलकर उनके सिद्धांतों का अनुकरण करना चाहिए। कुलपति ने महिलाओं को वीरांगना बताते हुए कहा कि वह किसी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, किसी से डरे नहीं आगे बढ़े। उन्होंने महिलाओं को गर्भ संस्कार पुस्तक के बारे में जानकारी देते हुए पढ़ने का जोर दिया। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव महेंद्र कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबू जी पिछड़े दलित समाज के उध्दार के लिए योगदान दिया ,उनसे हम सभी को सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने शिक्षा सुधार में भी बहुत कदम उठाएं। वित्त अधिकारी संजय कुमार ने उनके जीवन चरित्र प्रकाश डाला। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा. विजय सिंह ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा सेवा योगदान की सराहना की। इसके पूर्व अतिथियों को प्रबंधक डॉ स्वतंत्र कुमार एवं संस्थापक सदस्य मोखन राम मास्टर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर अध्यक्षता प्रो एसपी सिंह ने किया। आभार डा स्वतंत्र कुमार ने जताया। इस मौके पर डॉ मनोज मिश्रा, इंजी. पीराम ,पूर्व चेयरमैन दिनेश टंडन, डॉ राकेश कुमार, केशव प्रसाद, डॉ एसपी भास्कर ,कर्मवीर भारती, सरवन कुमार मौजूद रहे। संचालन सभाजीत द्विवेदी उर्फ प्रखर ने किया।

# अपना दल यस ने मुलायम सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपना दल यस पार्टी के जिला कार्यालय वाजिदपुर में राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली जी के अध्यक्षता में एक शोक सभा कार्यक्रम कर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन जिला कार्यालय पर कर उनके चित्र पर सबसे पहले राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली जी ने पुष्प अर्पित कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं साथ में पार्टी के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी बारी बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए श्री पप्पू माली जी ने कहा की देश एक कुशल राजनीतिज्ञ को आज खो दियामुलायम सिंह यादव एक ऐसे कुशल राजनीतिक व्यक्ति थे जिनको आज राजनीतिक का पुरोधा कहा जा सकता है इन्होंने सदैव राजनीति से हटके व्यक्तिगत संबंधों को तवज्जो देते थे और विकट परिस्थितियों में भी अपने संबंधों का निर्वहन करने का प्रयास किया। आज जिस प्रकार से नेता जी के निधन पर पूरा देश शोक के गम में डूबा हुआ है चाहे जिस दल का नेता हो चाहे पछ हो या विपक्ष हो सभी लोग नेताजी को दुखी मन से श्रद्धा का सुमन अर्पित कर रहे हैं ऐसे महान नेता का इस दुनिया से जाना समाज के लिए और देश के लिए अपूरणीय क्षति है। हम अपने पार्टी की तरफ से नेता जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं कार्यक्रम में उपस्थित डॉ मनीष यादव जी अनिल जायसवाल जी संजय गौतम जी राजेश पटेल जी संतोष पटेल जी मान सिंह पटेल जी कमलेश प्रजापति जी सिंटू गुप्ता जी सुनील निषाद प्रमोद माली मास्टर राम कुमार माली अजय विश्वकर्मा संतोष विश्वकर्मा अमित मौर्य राकेश प्रजापति रामदुलार चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह के निधन पर पीयू में हुई शोकसभा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस.



मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ–साथ पूर्वांचल के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्होंने भारतीय राजनीति को न सिर्फ नई दिशा दी बल्कि सामाजिक परिवर्तन की इबारत भी लिखी। उन्होंने महिलाओं को सियासत में भागीदारी दिलाने के लिए निरंतर आवाज बुलंद की। विश्वविद्यालय में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, दीपक कुमार सिंह, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ मनोज मिश्र, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह, डॉ. आलोक दास, डॉ. सुशील कुमार, डा. धीरेन्द्र चौधरी, रामसमुझ, अनिल श्रीवास्तव, हेमंत श्रीवास्तव, श्याम श्रीवास्तव, स्वतंत्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# राजकीय आईटीआई सिद्धीकपुर मे हुआ अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राजकीय आईटीआई जौनपुर के कैंपस में हॉकिंस कुकर, पब्लिक वेलफेयर डिपार्टमेंट, यूएल कंपनी द्वारा अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय एवं प्राइवेट



आईटीआई के विभिन्न ट्रेडों के पास आउट लगभग 60 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनका साक्षात्कार के पश्चात 12 अभ्यर्थियों का अप्रेंटिस के लिए चयन हुआ । राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य श्री मनीष कुमार पाल द्वारा चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी गई। मेले में राजकीय आईटीआई के स्टाफ आशीष सिंह, देवेश कुमार यादव, हेमराज गौतम, सुप्रिया राय, शशिकांत सिंघानी, एवं अमित कुमार गौतम ने अपना सहयोग दिया।

## पीजी कॉलेज के संस्थापक पूर्व प्रधान का निधन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के अभिमन्यु यादव पीजी कॉलेज लपरी के संस्थापक एवं देवकली के पूर्व प्रधान का ह्रदयाघात से निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ गयी। देवकली गांव के दो पंच वर्षीय निर्विरोध पूर्व प्रधान रहे समाजसेवी एव श्री अभिमन्यु यादव पीजी कॉलेज के संस्थापक 80 वर्षीय अभिमन्यु यादव खुद्दी का ह्रदयाघात से निधन हो गया। निधन की खबर लगते काफी संख्या लोग उनके देवकली आवास पर पहुंच कर शोकग्रस्त परिवार व उनके पुत्र प्रबंधक मुन्नेलाल लाल मुन्ना को सात्वना दिया। सपा नेता अमित यादव ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन काल में शिक्षा सेवा में काफी योगदान दिया। और समाज सेवा में हमेशा लगे रहे। इस अवसर पर लालचंद यादव लाले ,डॉ राकेश कुमार यादव, अशोक कुमार ,राजेंद्र यादव ,राम नवल, कन्हैया लाल ,राजेश मिश्रा, राजन मिश्रा ,धीरज सोनकर ,वीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों के स्कूल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर लगा कैंप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आदित्रि मनोविकास केंद्रम नईगंज की डॉक्टर साधना मौर्य ने राजेश स्नेह ट्रस्ट आफ एजुकेशन दिव्यांग हेतु स्कूल एवं पुनर्वास केंद्र रूहट्टा में सभी दिव्यांग बच्चों का बुद्धि लब्धि जांच किया और बच्चों को उनके दिव्यांगता के कारण आ रहे नकारात्मक सोच, विचार को कैसे सकारात्मक



विचार में बदला जाए इस हेतु सभी बच्चों को समझाया और और डॉक्टर साधना मौर्या ने ने बताया कि सभी दिव्यांग बच्चों के माता पिता को भी प्रशिक्षित करन अति आवश्यक है जिससे इनके माता–पिता प्रशिक्षित होकर के अपने बच्चों को आत्मरक्षा और आत्मनिर्भरता का गुण सीखा सकें उसके साथ साथ उन्होंने बताया कि भाई– बहनों को भी प्रशिक्षित करने की जरूरत है जिससे सभी दिव्यांग बच्चों के भाई बहन भी इनके साथ मिलजुल कर के खुद इनका सहयोग करें और दिव्यांग बच्चों से भी सहयोग ले जिससे ए लोग परिवार में अलग–थलग महसूस न करें तथा डॉक्टर साधना मौर्या ने दिव्यांग बच्चों के कल्याण आत्मरक्षा, आत्मनिर्भरता हेतु हर संभव सहयोग , हर संभव प्रशिक्षण देने का वायदा किया और इस पूरे प्रोग्राम में विशेष शिक्षिका हेमू वर्मा और श्रीमती किरन का विशेष सहयोग रहा। दिव्यांग स्कूल के प्रबंधक और समाजसेवी राजेश कुमार ने डॉक्टर साधना मौर्य और सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया इस अवसर पर राजेश गुप्ता, समाजसेवी शरद साहू, लॉर्ड रौनक गुप्ता ,ऋषभ गुप्ता ,संदीप गुप्ता इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# बच्चों को हर हाल में हासिल कराएं निपुण लक्ष्य – सीमा द्विवेदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निपुण भारत मिशन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंगलवार को ब्लाक संसाधन केंद्र पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व शिक्षकों का एक दिवशीय ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि निपुण भारत मिशन को सफल बनाने के लिए स्कूल में पढ़ने वाले हर बच्चों को सरकार की हर योजनाओं का समुचित लाभ मिलना चाहिए। प्रत्येक बच्चों को उनका ।सम्पूर्ण अधिकार मिले यह हम ।सभी की जिम्मेदारी है। निपुण भारत मिशन कार्यक्रम को सफल बनाने उन्होंने कहा कि सभी मिलकर बच्चों के हित में कार्य करेंगे तो अवश्य ही निपुण भारत मिशन लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा कर सकेंगे। राज्यसभा सांसद ने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बावजूद भी अभी हमारा प्रदेश व देश शिक्षा के क्षेत्र में वो स्थान हासिल नही कर पा रहा है जो हमारे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का सपना है। कहा कि सारी ब्यवस्था सरकार की है हमको सिर्फ अमली जामा पहनाना है। अगर हम उसमें सफल हो गए तो स्कूलों की कायाकल्प, निपुण भारत लक्ष्य का प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का जो सपना है वह धरातल पर दिखेगा। अध्यक्षता कर रहे डायट प्राचार्य डा. सच्चिदानंद यादव ने कहा कि कायाकल्प योजना से परिषदीय स्कूलों के परिवेश में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। अब लोग अपने बच्चों को परिषदीय स्कूलों में ज्यादा दाखिला दिला रहे। डायट के उप प्राचार्य डा.मनीष कुमार सिंह व प्रवक्ता डा. रवींद्र नाथ यादव ने कहा कि निपुण लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। बीडीओ अस्मिता सेन ने कहा कि



जिन विद्यालयों में कायाकल्प का कार्य पूर्ण नही है विशेष अभियान चलाकर एक महीने में पूर्ण कराया जाएगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी आंनद प्रकाश सिंह ने कार्यक्रम में आये हुए लोगो से शत– प्रतिशत निपुण लक्ष्य हासिल करने के लिए मिलकर प्रयास करने की बात कही। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर की छात्राओं ने स्वागत गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया तथा विद्यालय की छात्रा वैष्णवी सिंह ने आकर्षक कत्थक नृत्य प्रस्तुत कर वहाँ उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। माधुरी जायसवाल ने मुख्य अतिथि को पर्यावरण और उसके संरक्षण पर आधारित 'प्रकृति के आंगन में' पुस्तक भेंट किया। कार्यक्रम में ब्लाक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, अजय पांडेय, ग्राम प्रधान विनय सिंह, मोहम्मद असलम जवाहर लाल, अनुपम श्रीवास्तव, शैलेंद्र यादव, सुरेश यादव, शैलेश चतुर्वेदी, राजीव सिंह लोहिया, कृपानिधि यादव, सुरेंद्र प्रजापति, बाबा मौर्य, दिनेश यादव, संयुक्ता सिंह, आदि प्रमुख रहे। संचालन पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय व आभार प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने ज्ञापित किया।

# काशी क्षेत्र के महिला मोर्चा का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग भाजपा के जौनपुर जिला कार्यालय पर हुआ सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी महिला काशी क्षेत्र का प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन आज जौनपुर के भाजपा कार्यालय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा नम्रता चौरसिया के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का सुभारम्भ प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता शाक्य एव राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी और जिलाध्यक्ष भाजपा पुष्पराज सिंह ने सयुक्त रूप से पार्टी के पुरोधा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एव पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया ने स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया एवं आये हुये आगन्तुको का कार्यक्रम की संयोजक मेनका सिंह एवं प्रशिक्षण वर्गाधिकारी रागिनी सिंह ने सयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का सुभारम्भ करते हुये प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि नारी हमेशा राष्ट्र हितों के लिए पुरुषों का साथ देने के लिए आगे आई है चाहे प्रथम स्वतंत्रता आन्दोलन की बात हो या सभी राष्ट्रीय आन्दोलन में नारियों की भूमिका की बात हो, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण के लिए कदम बढ़ाया हैं। नारी वह सनातन शक्ति है जो अनादि काल से सामाजिक दायित्वों का वहन करती आ रही हैं। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में उस राष्ट्र की आधी आबादी की भूमिका की महत्ता से इनकार नही किया जा सकता हैं, आधी आबादी यदि किसी भी कारण से निष्क्रिय रहती हैं तो उस राष्ट्र या समाज की समुचित और उल्लेखनीय प्रगति के बारे में कल्पना भी नहीं की जा सकती हैं। समय के साथ साथ भारतीय समाज में उत्तर वैदिक काल से ही महिलाओं की स्थिति निम्नतर होती गई और मध्यकाल तक आते आते समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों ने स्त्रियों की स्थिति को और बदतर कर दिया। आधुनिकता के आगमन एवं शिक्षा के प्रसार ने महिलाओं की स्थिति में सुधार लाना प्रारम्भ किया, जिसका परिणाम राष्ट्र की समुचित प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर होने के रूप में सामने हैं। भाजपा का इतिहास पर बोलते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने द्वितीय सत्र में कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष श्री अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए। कांग्रेस की एकाधिकार वाली एक–दलीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था के रूप में जानी जाने वाली भारतीय राजनीति को भारतीय जनता पार्टी ने दो ध्रुवीय बनाकर एक गठबंधन–युग के सूत्रपात में अग्रणी




भूमिका निभाई है। तृतीय सत्र को सम्बोधित करते हुये राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी ने महिला कार्यकर्ताओं के समक्ष चुनौती व राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन में समन्वय विषय पर कहा कि मातृशक्ति अपने परिवार से लेकर राष्ट्र के नवनिर्माण में जो योगदान करती है वह निश्चित ही अनुकरणीय है। परिवार से समाज, समाज से संगठन के मजबूती के लिए भाजपा की कार्यकर्ता हमेशा समर्पित रहती है। यह सुखद अवसर है कि एक सशक्त महिला शक्ति के रूप में द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति चुनी गई है। चतुर्थ सत्र को प्रदेश महामंत्री उषा मौर्या ने हमारा विचार, परिवार विषय पर विचार रखते कहा कि हमारी वैचारिक शक्ति ही हमारे संगठन का मजबूत आधार है। भाजपा के साथ कई हमारे अनुशांगिक संगठन समाज जीवन में समग्रता के लिये कार्य कर रहें है। हम हमारे सभी संगठनों के कार्य पद्घतियों से प्रेरणा लेकर समाज कल्याण के लिये कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने विचार परिवार के अनुष्ठान से जुड़ना होगा। संघ न होती तो धारा 370 न हटती, हमारा वैचारिक धरातल संघ है। संघ की कार्ययोजना व भाजपा की सोच, सर्वव्यापी और सर्वग्राही है। पंचम सत्र को पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने नए भारत का निर्माण, केंद्र सरकार का महत्व एवं उपयोगिता पर बोलते हुये कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था देश में मजबूत विकास और व्यापार के समग्र दृष्टिकोण में सुधार और निवेश के संकेत के साथ आशावादी रुप से बढ़ रही है । केंद्र सरकार के नये प्रयासों एवं पहलों की मदद से निर्माण क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है निर्माण को बढ़ावा देने एवं संवर्धन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 सितम्बर 2014 को मेक इन इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत की जिससे भारत को महत्वपूर्ण निवेश एवं निर्माण, संरचना तथा अभिनव प्रयोगों के वैश्विक केंद्र के रुप में बदला जा सके। मेक इन इंडिया मुख्यतः निर्माण क्षेत्र पर केंद्रित है लेकिन इसका उद्देश्य देश में उद्यमशीलता को बढ़ावा देना भी है। इसका दृष्टिकोण निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाना, आधुनिक और कुशल बुनियादी संरचना, विदेशी निवेश के लिए नये क्षेत्रों को खोलना और सरकार एवं उद्योग के बीच एक साझेदारी का निर्माण करना है। नगरपालिका अध्यक्ष शाहगंज गीता जायसवाल ने आये महिला पदाधिकारियो का धन्यवाद देते हुये कार्यक्रम की समापन की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय मंत्री पूजा दीक्षित ने की। उक्त अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री महिला मोर्चा बबिता तिवारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कुसुम शर्मा, सुनीता सिंह, नीरू श्रीवास्तव, अर्चना शुक्ला, गीता विश्वकर्मा, कंचन कोरी, वंदना सिंह, प्रतिभा सिंह, सुनीता मिश्रा, माधवी सिंह, कस वर्षा जायसवाल, अनीसा साही, इशिका पाण्डेय, लक्ष्मी गुप्ता, जिलाध्यक्ष गण कुसुम पटेल, विनीता सिंह, वंदना दुबे, आभा पटेल, रेखा निषाद, आशा बाजपेई, रुचि केशरवानी, आरतीअग्रवाल, शिखा रस्तोगी, सविता मिश्रा, पुष्पा सिंह, संगीता सरोज, साधना राय, इंदुबाला सिंह कनक सिंह, विमला श्रीवास्तव, रिशु सिंह आदि उपस्थित रही।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित हुई कार्यशाला का कंपनी बटालियन डाक्टर मिश्र ने किया शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 बटालियन पीएसी वाराणसी पीआरओ सेल के मुताबिक सोमवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वाहिनीं के मनोरंजन हाल में मानसिक रोग एवं स्वास्थ्य के संबंध में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस मौके पर कंपनी बटालियन डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि अवसाद, चिंता और अन्य मानसिक विकारों जैसी स्थितियों के इलाज के लिए परामर्श पहला और प्राथमिक कदम है।इतना ही नहीं, यह जीवन के प्रति एक नए दृष्टिकोण के माध्यम से समग्र मानसिक कल्याण और व्यक्ति के विकास में मदद करता है। इस मौके पर मुख्य वक्ता वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ अजय तिवारी द्वारा मानसिक रोगों के प्रारंभिक लक्षणों एवं उनके उपचार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। वही इसी कड़ी में कार्यशाला के दौरान वाहिनी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंबुज गुप्ता द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन का हवाला देते हुए अवगत कराया गया कि लगभग 7.5 प्रतिशत भारतीय, किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित हैं। कोरोना महामारी ने मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर छोड़ा है। आवश्यकता है कि हम आगे आकर मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक उपक्रम करें। मालूम हो कि यह कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित की गई प्रथम सत्र में बड़ी संख्या में वाहिनी के जवानों ने प्रतिभाग किया गया। दूसरे सत्र में वाहिनी के कर्मियों



के परिवारीजनों ने जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे, प्रतिभाग किया गया और लाभान्वित हुए। दूसरे सत्र में पीएसी महिला कल्याण केंद्र की अध्यक्षा श्रीमती दीपिका मिश्रा द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।वही कार्यशाला के समापन पर सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र,आईपीएस द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।इस कार्यक्रम में वाहिनी के सहायक सेनानायक शिव नारायण, शिविरपाल देवपाल, सूबेदार मेजर रणजीत तिवारी, सहायक शिविर पाल विंध्यवासिनी पांडे एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# साहिब श्री गुरू रामदास जी महाराज का मनाया गया 488वाँ प्रकाश पर्व

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सिखों के चौथे गुरु साहिब श्री गुरू रामदास जी महाराज का 488वाँ प्रकाश पर्व ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी, नाका हिन्डोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आज दिनांक 11–10–2022 को शाम का विशेष दीवान 6.00 बजे रहिरास साहिब के पाठ से दीवान आरम्भ हुआ जो रात्रि 10..00 बजे तक चला। जिसमें हजूरी रागी भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी मे नाम सिमरन तथा शबद कीर्तन– रामदास सरोवर नहाते, सब उतरे पाप कमाते।। गायन कर समूह संगत को निहाल किया। मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने साहिब श्री गुरू रामदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आप का जन्म आज ही के दिन लाहौर (पाकिस्तान) मे हुआ था। आपके पिता का नाम श्री हरदास जी और माता जी का नाम दया कौर जी था। छोटी उम्र मे आप के माता–पिता का निधन हो गया तो आपकी नानी जी आपको लेकर "बासरके" में आ गयी। यहाँ आकर आपने घुँघनियां (उबला हुआ चना) बेचना शुरु कर दिया। गुरु अमरदास जी के दर्शन कर तन–मन से उनकी सेवा और गुरु की बाणी पढ़ते और सिमरन करते रहे। गुरु अमरदास जी ने आपको "गुरु का चक्क "बसाने का कार्य सौंपा। बाबा बुड्ढा जी को साथ लेकर पहले सरोवर की खुदाई की और नींव रखी। दुख भंजन बेरी के पास एक तालाब बनवाया जिसमें सच्चे मन से स्नान करने पर दुःख और रोग दूर हो जाते हैं। जो आज एक महान तीर्थस्थल (श्रीअमृतसर) स्वर्ण मन्दिर




के नाम से प्रसिद्ध है। जहाँ देश विदेश से श्रधालु आकर दर्शन करते हैं और सच्चे मन से पवित्र सरोवर में स्नान करके दुःख एवं कष्टों से मुक्ति पाते हैं। विशेष रुप से पधारे पटियाला के रागी जत्था भाई प्रिन्सपाल सिंह जी पटियाला वालों ने अपनी मधुरवाणी में शबद धनुं धनुं रामदास गुरु जिन सिरिआ तिनै सवारिआ।। गायन कर समूह संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। रागी जत्था भाई गुरमीत सिंह जी ऊना साहिब वालों ने राखो सरणाई राखो सरणाई गुरु रामदास राखो सरणाई।। शबद कीर्तन गायन कर समूह संगत को भाव विभोर किया। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। दीवान की समाप्ति के उपरान्त लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिह बग्गा जी ने नगरवासियों को साहिब श्री गुरू रामदास जी के प्रकाश उत्सव की बधाई दी और प्रकाश पर्व में पधारे रागी जत्थों को गुरु घर का सम्मान सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। समाप्ति के पश्चात समूह संगत में महामंत्री हरमिन्दर सिंह टीटू की देखरेख में दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा गुरु का लंगर और मिष्ठान वितरित किया गया।

# धूमधाम से जश्ने ईद मिलादुन्नबी सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर क्षेत्र के साकेतनगर मे पार्षद प्रत्याशी अनिल श्रीवास्तव राजू के आवास पर अमन मोहब्बत भाईचारे के पैगाम के साथ जुलूस मोहम्मदी का खैर मकदम इस्तकबाल हुआ।जिसमें मुख्य रूप सेअभिषेक सिंह पिंटू श्रीवास्तव विवेक चतुर्वेदी फिरोज अहमद,महमूद आलम, जितेंद्र श्रीवास्तव राहुल श्रीवास्तव अवनीश दुबे सोनू अशोक वर्मा, बिन्नू श्रीवास्तव, रियाज अहमद,



शिवम् सिंह सहित तमाम लोगों ने शिरकत की।वही इसी कड़ी में रुदौली क्षेत्र के नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के दौरान जुलूस ए मुहम्मदी अकीदत व एहतराम के साथ धूमधाम से निकाला गया।नगर में जुलूस ए मुहम्मदी परम्परागत तरीके से मोहल्ला खुवाजा हाल के तिपाई से शुरू होकर नयागंज नवाब बाजार मार्ग से होते हुए रौजागॉव रोड से पूरानी शब्जी मंडी से माता हलवाई वाली गली से होते हुए कटरा कुदूसी मार्केटझबरी नीम व मखदूम जादा होते हुए तिपाई पर पहुंच कर समाप्त हुआ।जुलूस ए मोहम्मदी में नातो और झंडे के साथ सरकार की आमद मरहबा,नारे तकबीर आदि नारा लगाते हुए तमाम अन्जुमन इस जुलूस में शामिल हुए।इस दौरान प्रशासन की ओर से कड़े सुरक्षा के प्रबंध किये गए था।कोतवाल शशिकांत यादव,चौकी इंचार्ज किला प्रमोद यादव ने दलबल के साथ जुलूस ए मुहम्मदी को सकुशल सम्पन्न कराने में मुस्तैद रहे।वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी जुलूस ए मुहम्मदी निकाला गया।रविवार को सुबह से ही मवई ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव कोंडरा,पुराए,सडवा,नेवरा में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया।इस जुलूस ए मोहम्मदी में नातो और झंडे के साथ सरकार की आमद मरहबा,नारे तकबीर आदि नारा लगाते हुए सकड़ों मुस्लिम धर्मावलंबी इस जुलूस में शामिल हुए।इस जुलूस की अगवानी कर रहे मदरसा आयशा लिल बनात के मैनेजर हजरत मौलाना कामिल हुसैन नदवी ने कहा कि इस्लाम धर्म त्याग और प्रेम का संगम है।जुलूस मदरसा कटरा मोहल्ला से शुरू हो कर अंसारी मोहल्ला होकर मैन रोड होते हुए सडवा के लिए निकल गया।जुलूस का समापन ग्राम सडवा में फतेहा ख्वानी के बाद समाप्त होगा।जुलूस के साथ चल रहे उलमाए दीन व सकड़ों मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल रहे।

# घर में घुसे बदमाशों ने की बुजुर्ग महिला की हत्या : पहले मोहब्बत और फिर बेवफाई में चल रही थी रंजिश

लखनऊ ब्यूरो : कृष्णानगर के भोलाखेड़ा स्थित तनेजा सोसायटी निवासी मधुबाला श्रीवास्तव (70) की मंगलवार तड़के 3 बजे घर में घुसे बदमाशों ने हत्या कर दी। उनके सिर पर लोहे के रॉड से कई वार किये गये थे। उनकी चीख पुकार सुनकर पास के कमरे में सो रही बहू व अन्य लोग बाहर आये तो बदमाश भाग निकले। परिजनों ने तत्काल घायल मधु को अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस के मुताबिक परिजनों ने जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर ललित सोनकर साहित चार पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिस पर केस दर्ज कर लिया गया है। वहीं, हत्यारोपियों की तलाश की जा रही है। डीसीपी मध्य अपर्णा रजत कौशिक के मुताबिक भोलाखेड़ा के तनेजा सोसायटी में सौजन्य सक्सेना परिवार सहित रहते हैं। सौजन्य सक्सेना की चश्मा की दुकान है। परिवार में पत्नी मुस्कान, बेटी प्रीत के अलावा बुआ मधुबाला है। मधुबाला ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स से रिटायर्ड है। मुस्कान के मुताबिक दो कमरे हैं। एक कमरे में वह पति व बेटी के साथ सो रही थी। वहीं बाहरी कमरे में बुआ मधुबाला सो रही थी। तड़के करीब 3 बजे अचानक बुआ के चीखने की आवाज सुनाई दी। चीख सुनकर दरवाजा खोला तो बाहर तीन लोग दिखे। सभी के हाथ मे लोहे की रॉड थी। वहीं बुआ फर्श पर खून से लथपथ पड़ी थी। बाहर निकलकर बचाने की कोशिश की तो तीनों सौजन्य व मुस्कान की तरफ बढ़े। यह देख डरकर अंदर से दरवाजा बंद किया। फिर खिड़की से शोर मचाना शुरू किया। आसपास के लोगों ने चीख पुकार सुनी तो बाहर निकले। लोगों को जुटता देख तीनों बदमाश छत के रास्ते भाग निकले। छत के रास्ते घुसे थे बदमाश मुस्कान के मुताबिक उनका दरवाजा बंद था। बदमाश छत के रास्ते घर में घुसे थे। पुलिस के मुताबिक छत पर कई लोगों के पैरों के निशान मिले हैं। मुस्कान के घर के पास वाला मकान खाली है। वहां पर कोई नहीं रहता है। बदमाश उसी के रास्ते मुस्कान के घर में घुसे थे। वारदात के बाद जब लोग जुटने लगे तो बदमाश सात मकानों की छत के रास्ते होते हुए भाग निकले। पुलिस ने सभी मकानों की छतों की पड़ताल की। वहां से फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाये हैं। जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर पर लगाया हत्या का आरोप



मुस्कान के मुताबिक उसके पति सौजन्य का अमीनाबाद निवासी हिस्ट्रीशीटर ललित सोनकर का कई साल से विवाद चल रहा है। ललित ने सौजन्य पर 17 मई को फायरिंग की थी। ललित ने सौजन्य को समझौते की बातचीत के लिए मानकनगर इलाके में बुलाया था। वहां बातचीत करने के बाद फायरिंग की थी। इस मामले में उसे मानकनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह जेल में बंद है। पुलिस ने ललित सोनकर के खिलाफ जिलाबदर की भी कार्रवाई की थी। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने इस मामले में आरोपी ललित के करीबी रिश्तेदार को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। ललित सोनकर और सौजन्य की पत्नी मुस्कान के बीच पहले दोस्ती थी। एडीसीपी मध्य राजेश श्रीवास्तव के मुताबिक ललित सोनकर और सौजन्य की पत्नी मुस्कान के बीच पहले दोस्ती थी। दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे। लेकिन परिजन नहीं माने। ललित की शादी दूसरी युवती से कर दी गई। इसके बाद भी ललित ने मुस्कान से मिलना नहीं बंद किया। उधर मुस्कान की भी शादी सौजन्य से हो गई। मुस्कान अपने परिवार के साथ रहने लगी। उसने ललित से दूरी बना ली। लेकिन ललित उसकी इस हरकत से काफी नाराज था। पुलिस के मुताबिक ललित ने मुस्कान से शादी करने के लिए 2015 में अपनी पत्नी को जलाकर मार डाला था। उसके खिलाफ अमीनाबाद थाने में केस दर्ज हुआ था। जिसमें वह जेल भी गया था। मुस्कान को हासिल करने के लिए ही ललित ने सौजन्य पर जानलेवा हमला किया था। पांच टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी तड़के बुजुर्ग महिला की हत्या की सूचना मिलते ही डीसीपी मध्य अपर्णा रजत कौशिक, एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव, एसीपी विनय कुमार द्विवेदी व इंस्पेक्टर आलोक राय मौके पर पहुंचे। फिर पड़ताल शुरू की। वहीं दोपहर में जेसीपी क्राइम नीलाब्जा चौधरी भी मौके पर पहुंचकर पड़ताल कर निर्देश दिये। एडीसीपी मध्य के मुताबिक वारदात के खुलासे के लिए पांच टीमें लगाई गई हैं। इसमें दो थाने की, डीसीपी मध्य की क्राइम ब्रांच, सर्विलांस टीम और कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच की टीम लगी है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। जल्द ही वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा।

# पूराकलंदर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के थाना पूराकलंदर पुलिस ने 10 अक्टूबर 2022 पंजीकृत मु0अ0स0–484/22 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर अधि0 मे वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।पूराकलंदर पुलिस ने गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों की पुष्टि अशोक कुमार उर्फ कल्लू पासी पुत्र रामसनेही पासी निवासी हूसेपुर थाना पूराकलन्दर जनपद अयोध्या उम्र 37 वर्ष व अनूप सिंह पुत्र स्व0 इन्द्र बहादुर सिंह निवासी मोइयाकपूरपुर थाना पूराकलन्दर जनपद अयोध्या उम्र 42 वर्ष के रुप में किया।जिसे पुलिस ने करीब 10.39 पर भाभा चौराहा से गिरफ्तार किया।इन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाले टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक विकास,हेड कांस्टेबल सुनील कुमार,कांस्टेबल




दुर्गेश कुमार तिवारी व अनूप कुमार पाण्डेय शामिल रहे।

# मंडल कारागार में निरुद्ध बुजुर्ग बंदी की मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंडल कारागार में बंद बुजुर्ग कैदी ओम प्रकाश पांडे की मौत जिला अस्पताल में हो गई। चिकित्सकों के मुताबिक मंडल कारागार में बंद बुजुर्ग कैदी हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट की बीमारी से पीड़ित था।मृतक बुजुर्ग बंदी की पुष्टि जिले के थाना कुमारगंज के अकमा के रूप में हुई।जो मारपीट व एससी एसटी एक्ट में अगस्त 2022 से बंद था।उसे लगभग 3:00 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।लगभग 2 माह से मंडल कारागार में निरुद्ध कुमारगंज थाना क्षेत्र के अकमा गांव निवासी बुजुर्ग बंदी की मंगलवार को मौत हो गई।दलित पर हमला कर गंभीर रूप घायल करने के मामले में पुलिस ने उसे 16 अगस्त को गिरफ्तार कर चालान किया था। मिली जानकारी के मुताबिक उसे मंगलवार की भोर 3.50 बजे बंदी रक्षक नितिन कुमार और सौरव यादव 54 वर्षीय ओमप्रकाश पांडे पुत्र भवानी पाल पांडे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।जहां जिला चिकित्सालय पर इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर शिशिर श्रीवास्तव ने परीक्षण के बाद बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया।जिसके चलते अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो कोतवाली नगर पुलिस को भिजवाया दिया। इस संबंध मे मंडल कारागार के वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बताया कि मृतक बंदी ओम प्रकाश इसी जिले के कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित आत्मा गांव का निवासी था।

# कच्चा मकान ढहने से मलबे के नीचे परिवार दबा : दो की मौत व दो घायल

अयोध्या ब्यूरो : अयोध्या जिले के इनायतनगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के बसवार कलां गांव में बारिश के कारण कच्चा मकान गिरने से मलबे में पूरा परिवार दब गया। जिसमें एक महिला और बच्चे की मौत हो गई है तथा दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मौके पर हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी प्रभारी रजनीश पाण्डेय पहुंच कर कार्रवाई कर रहे हैं। घटना मंगलवार सुबह चार बजे की है। बताया गया कि कला मजरे सरफराज नाई का पुरवा में लगातार कई दिनों से हो रही बारिश के चलते अब्दुल मजीद उर्फ डगडग का कच्चा मकान ढह गया। मकान के अन्दर ही पूरा परिवार सो रहा था। मकान ढहने से पूरा परिवार मलबे के नीचे दब गया। अगल–बगल रहने वाले लोगों के हल्ला गुहार पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। ग्राम प्रधान अशोक तिवारी ने बताया कि अब्दुल मजीद उर्फ डगडग (60) व उनकी पत्नी मेहरूल निशा (58) गंभीर रूप से घायल



हो गए हैं। वहीं बगल में लेटी उनकी बेटी शकीना (35) व नाती साहबान (4) की मृत्यु हो गई है। बताया गया कि शकीना बारावफात में अपने मायके निमंत्रण में आयी थी। मौके पर मिल्कीपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# रेलवे क्रासिंग पर मालगाड़ी की चपेट मे आकर पिता–पुत्र की मौके पर मौत

सुल्तानपुर ब्यूरो : सुल्तानपुर–वाराणसी हाईवे पर हनुमानगंज बाजार रेलवे क्रासिंग पर सोमवार की देर रात बाइक सवार पिता–पुत्र की मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई। जीआरपी मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। सोमवार की देर रात करीब साढे़ दस बजे सुल्तानपुर वाराणसी हाईवे पर स्थित हनुमानगंज बाजार की रेलवे क्रासिंग बंद थी। रेलवे ट्रैक पर दोनों तरफ से गाड़ियों का सिग्नल था। क्रासिंग से एक मालगाड़ी सुल्तानपुर की ओर जा रही थी तभी वहां पहुंचे बाइक सवार पिता–पुत्र बंद क्रासिंग का पश्चिमी बूम पारकर गुजर रही मालगाड़ी के पास आकर रुक गये। जैसे ही मालगाड़ी गुजरी। दोनों बाइक से गुजरने लगे। इसी बीच दूसरे ट्रैक पर वाराणसी की ओर जा रही मालगाड़ी पहुंच गई और दोनों उसकी चपेट में आ गए। पिता पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान चांदा थाने के गारवपुर बीरमपुर निवासी विजय नारायण पांडेय (48) तथा उनके



छोटे पुत्र बाल कृष्ण पांडेय उर्फ भोले पांडेय (19) के रूप मे हुई है। जानकारी के मुताबिक विजय नारायण पांडेय अपने बड़े बेटे राम कृष्ण पांडेय के साथ मुंबई से घर आ रहे थे। सुल्तानपुर स्टेशन पर उनका छोटा बेटा भोले तथा भतीजा दो बाइक से स्टेशन से उन्हें लाने पहुंचे थे। दूसरी बाइक पर सवार बड़ा बेटा और भतीजा बाल–बाल बच गए।

## प्रदेश में जानलेवा साबित हो रही बारिश : कई जिलों में हुए हादसे

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में आफत बनकर आई बारिश से जान–माल का काफी नुकसान हो रहा है। सोमवार को भी कई जिलों में मकान और बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि काफी लोग घायल हो गए हैं। इसके अलावा फसलों और सब्जियों को भी काफी नुकसान हुआ है। पीलीभीत में देवहा नदी का पुल धंसने से अमरिया तहसील से संपर्क कट गया। गोरखपुर में आनंदनगर–गोंडा रूट पर गैंजहवा–कौआपुर स्टेशनों के बीच नदी का जलस्तर बढ़ने से तीन ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं। झांसी के रक्सा और मऊरानीपुर क्षेत्रों में बिजली गिरने से छह लोगों की जान चली गई, जबकि पांच लोगों गंभीर रूप से झुलस गए हैं। कानपुर में ढाबे का छज्जा गिरने से मालिक की मौत हो गई। मैनपुरी में दीवार गिरने से दो लोगों की जान चली गई। बिजनौर में 12 मकानों की छत गिरी गई। गजरौला में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। अमरोहा में भी एक महिला की



मलबे में दबने से जान चली गई। तीन किसानों की हार्टअटैक से मौत मैनपुरी के किसनी और कासगंज के ढोलना व गंजडुंडवारा में बर्बाद फसल देखकर तीन किसानों की मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह मौतें हार्टअटैक से हुई हैं। एटा के अवागढ़ में खेत में सर्प दंश से किसान ने दम तोड़ दिया। उधर, मथुरा में बारिश से तबाह हुए किसानों ने तरोली में प्रदर्शन किया।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।